डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 320 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 05 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया




## पिता की किडनी का ऑपरेशन हैं, बताकर दोस्त से 19.50 लाख ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 04 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नकली आधार कार्ड दिखाकर मेडिकल व्यवसायी से 19 लाख 40 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया हैं।

मल्हारगढ एसडीओपी श्री नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि शिवशंकर पाटीदार निवासी सुविधा मेडिकल स्टोर्स मल्हारगढ ने शिकायत दर्ज करवाई थी। पिछले 6 माह से उसकी पहचान राहुल पिता श्यामलाल गुर्जर निवासी अलकापुरी रतलाम से थी। राहुल प्रॉपर्टी ब्रोकर का कार्य करता था। दोनों के बीच रुपयों का लेन देन चलता रहता था। एक माह पहले राहुल अपने पिता को लेकर उनके मेडिकल स्टोर पर आया था। जहां उसने बताया कि उसके पिता की दोनों किडनी फैल होने की बात कहते हुए ऑपरेशन के लिए 6 लाख उधार लिए। बाकी उसने अलग-अलग बार ऑपरेशन और इलाज के बहाने... **शेष पेज 4 पर**





# ढाई करोड़ की सड़क बन गई तालाब

## अधिकारियों का निकलना हुआ मुश्किल, तत्कालीन प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद भी निभाई औपचारिकता

### नपा सीएमओ ने नाली बने बिना ही हैंड ओवर कर ली कॉलोनी

**मंदसौर, 04 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो मंगलवार को हुई बारिश से बीपीएल चौराहा सहित शहर के कई मुख्य मार्गो की सड़के जलमग्न हो गई। कई जगह पर तो घुटनों तक पानी भर गया। लेकिन चर्चाओं में रहा कलेक्टोरेट से फोरलेन बायपास तक जाने वाला मार्ग। विगत सालो में 261.50 लाख रुपए से बने इस मार्ग से कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों का वाहन निकलना ही मुश्किल हो गया। दुपहिया वाहन चालकों को तो खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसमें जिम्मेदार है नगरपालिका के अधिकारी। डी मार्ट वाली कॉलोनी को बिना नाली बने ही सीएमओ ने हैंडओवर कर लिया। जिसके कारण पानी पूरी तरह से सड़क पर जमा हो गया।



तीन साल पहले कलेक्टोरेट से फोरलेन बायपास तक रोड का निर्माण करवाकर जनप्रतिनिधियों ने खासी वाहवाही लूटी। इसे शहर की उत्कृष्ट सड़क का टैग भी लगा दिया। लेकिन, शुरुआत से ही सड़क की गुणवत्ता और कामों को लेकर सवाल उठते आ रहे हैं। इसकी शिकायत तत्कालीन प्रभारी मंत्री से क्षेत्रीय पार्षद ने भी की थी। लेकिन, प्रभारी मंत्री के निर्देशों के बाद भी सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। तीन विभाग मिलकर भी जांच में खामियां नहीं निकाल पाए। इधर बारिश ने ही सड़क की खामियों को उजागर कर दिया। मंगलवार शाम की सिर्फ डेढ़ इंच बारिश से सड़क पर तालाब सा नजारा दिखाई दिया। महत्वपूर्ण बात यह है कि कलेक्टोरेट में कलेक्टर कार्यालय के अलावा कई सरकारी दफ्तर है। अधिकारियों को भी इस तालाब से होकर निकलना पड़ा। दुपहिया वाहन से आने वाले कर्मचारियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। यही स्थिति आसपास के कॉलोनीवासियों और राहगिरों की रही!

**इसलिए महत्वपूर्ण सड़क**–सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस सड़क से होकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचा जाता है। इसके अलावा एमआईटी, पोलिटेक्निक कॉलेज, हॉकी टर्फ ग्राउंड, पुलिस कालोनी, मेडिकल कालेज, केन्द्रीय विद्यालय सहित कई सरकारी और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं पर पहुंचने के लिए इस मार्ग का उपयोग होता है। सड़क की गुणवत्ता और खामियों का परिणाम इन जगहों पर पहुंचने वाले लोग कर रहे हैं। वहीं मेघदूत नगर और यश नगर जैसी कॉलोनियों में जनप्रतिनिधियों और बड़े नेताओं का भी निवास स्थान है। जो इस सड़क का उपयोग करते हैं।

**हैंड ओवर पर उठ रहे सवाल**–एक और मामला डी मार्ट वाली कॉलोनी के हैंड ओवर करने का .... **शेष पेज 4 पर**

### यह उत्कृष्ट सड़क भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी–गुर्जर



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मंदसौर शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों की अदूरदर्शिता और गैर जिम्मेदारा नेतृत्व के दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं।

गत रात्रि में हुई बारिश से मिड इंडिया अंडरब्रिज में डूबने से एक व्यक्ति की दु:खद मृत्यु हो गई हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि मेघदूत नगर- यशनगर से बायपास तक की उत्कृष्ट सड़क और इसका अधूरा फुटपाथ भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। अभी तक पूर्ण नही होने से और इसकी नालियों में जलनिकासी नही होने से इस मार्ग पर कलेक्टर कार्यालय, मेडिकल कॉलेज, मंदसौर विश्वविद्यालय, डी मार्ट सहित इस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों को जल भराव के कारण बारिश के मौसम में आए दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री गुर्जर ने इस संबंध में जिला कलेक्टर से अनुरोध किया है कि आमजन से जुड़े इन मामलों पर तत्काल संज्ञान लेका शहरवासियों को शीघ्र राहत प्रदान करें।



# मिड इंडिया अंडरब्रिज ने ली युवक की बलि


## अधिकारियों-ठेकेदारों पर एफआईआर की मांग, दो साल बाद भी नहीं उड़ रही सुस्ती

**मंदसौर, 04 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नदी, नालो और तालाब में डूबने की खबरें रोजाना सामने आ रही है। लेकिन, अंडरब्रिज पर जमा पानी में डूबने से मौत की खबर कई लोगों ने पहली बार सुनी होगी। यह हादसा हुआ है मंदसौर के मिड इंडिया अंडरब्रिज पर। जहां निर्माण के बाद से ही पानी जमा होने की समस्या बरकरार है। कई बार आमजनो द्वारा अवगत कराए जाने के बाद भी जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। परिणाम यह रहा कि मंगलवार देर शाम एक युवक की बली इस अंडरब्रिज पर जमा पानी ने ले ली। अब सोशल मीडिया पर अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग तेज हो गई है।

इंजीनियरो, अधिकारियो और ठेकेदार की लापरवाही या खामी ने आखिरकार एक युवक की जान ले ली। मामला है मिड इंडिया अंडर ब्रिज का। दो साल पहले बने अंडरब्रिज में पानी भरने की समस्या को लेकर लगातार मीडिया और सोशल मीडिया के साथ आम आदमी आवाज उठा रहा है। इसके बाद भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी। मंगलवार देर शाम को हुई बारिश के बाद अंडरब्रिज में पानी जमा हो गया। यहां रास्ता बंद कर दिया गया। पानी लगभग सात से आठ फीट तक था। बारिश बंद होने के बाद भी लंबे समय तक पानी जमा रहा। सुबह पानी उतरा तो एक युवक का शव नजर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की शिनाख्त मोहित उर्फ मुस्सा नाई निवासी पांच सौ क्वार्टर टिगरिया के रूप में हुई है। इधर घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों में खासा आक्रोश देखा गया। सोशल मीडिया पर ठेकेदार और अधिकारियों पर एफआईआर तक की मांग उठने लगी। अगर समय रहते जिम्मेदार जाग जाते तो यह हादसा नहीं होता।

**शुरुआत से ही ब्रिज में दिखने लगी थी खामी**–मिड इंडिया फाटक पर फरवरी 2020 में अंडरब्रिज का काम शुरू हुआ था। ब्रिज के काम में कभी भुगतान, कभी कोरोना तो कभी बारिश के कारण कई बार व्यवधान हुआ। इस सबके बाद 26 माह में ब्रिज बनकर तैयार हुआ। 17 अप्रैल ..... **शेष पेज 4 पर**









## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मनासा, 04 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मनासा-रामपुरा मार्ग स्थित नाकोड़ा रेस्टोरेंट के सामने मंगलवार रात्रि में सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक 30 वर्षीय युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन पहले मनासा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां युवक की गंभीर हालत को देखते हुये। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मंगलवार रात नीमच के बड़े अस्पताल रेफर किया। मगर इलाज के दौरान युवक ने शहर के एक निजी चिकित्सालय में दम तोड़ दिया।

बड़े अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार मृतक मुकेश पिता संपतलाल उम्र 30 वर्ष जाति लोहार निवासी सिकलीकर मोहल्ला मनासा का रहने वाला था। वह मंगलवार रात को बाइक से अपना काम कर घर लौट रहा था। इसी दौरान नगर के नाकोड़ा रेस्टोरेंट के सामने अज्ञात वाहन ने मुकेश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने उसे मनासा अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे पहले नीमच जिला अस्पताल रेफर किया, बाद में उसे नीमच शहर के कनावटी स्थित निजी चिकित्सालय में ले जाया गया। मगर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार को मृतक के शव का बड़े अस्पताल में पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम करवाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिता पंच तत्व में विलीन

## कैलाश, शिवराज सहित कई मंत्री, नेता पहुंचे

**उज्जैन, 4 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिता पूनमचंद यादव के मंगलवार को निधन के बाद बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा गीता कालोनी स्थित घर से निकली और शिप्रा तट पर भूखी माता मंदिर पर पहुंची। यहां दाह संस्कार किया गया।

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित लगभग सभी काबीना मंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री नरोत्तम मिश्रा सहित भाजपा के कई वरिष्ठनेताओं ने उज्जैन पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की। कई नेता अंतिम यात्रा में शामिल हुए। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे अंतिम यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिप्रा तट पर पहुंची। हजारों की संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। बड़ी संख्या में आमजन भी दिवगंत को श्रद्धासुमन अर्पित करने सीएम के घर पहुंचे।

**देश भर से शोक संवेदनाएं-** सीएम डा. यादव के पिता के निधन पर देशभर के नेताओं ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सोशल मीडिया पर शोक संदेश जारी कर ईश्वर से प्रार्थना की। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संदेश में गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए प्रभु से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजन को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर जारी संदेश में लिखा है कि सिर से पिता का साया उठ जाना जीवन की अपूरणीय क्षति है। दुःख की इस विकट घड़ी में मेरी संवेदना शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। पूज्य पिताजी भले ही भौतिक रूप से साथ नहीं हैं, किंतु उनके आशीर्वाद की छांव सदैव रहेगी। बाबा महाकाल दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह तथा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिताजी सेठ पूनमचंद यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ रमन सिंह, लोकसभा सदस्य श्री जगदम्बिका पाल ने भी सोशल मीडिया शोक संवेदना व्यक्त की।

**ये नेता व अधिकारी हुए शामिल-** केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, मंत्री श्री राव उदयप्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव एस.एन. मिश्रा, प्रमुख सचिव संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह, आयुक्त जनसंपर्क सुदाम खाड़े, डी.जी पुलिस सुधीर कुमार सक्सेना सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारियों तथा उज्जैनवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उज्जैन स्थित निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

# इस साल एमपी को मिलेंगे 895 डॉक्टर, भर्ती प्रक्रिया शुरू



**भोपाल, 04 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश को इस वर्ष के अंत तक 895 डॉक्टर मिलने की सभांवना है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने इन पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अक्टूबर-नवंबर में साक्षात्कार के बाद चयन सूची जारी होगी। दिसंबर में पदस्थापना हो सकती है।

यह सभी पद चिकित्सा अधिकारी के हैं। वर्तमान में प्रदेश में विशेषज्ञों के तीन हजार 723 स्वीकृत पदों में से दो हजार 374 और चिकित्सा अधिकारियों के पांच हजार 329 पदों में से एक हजार 54 पद रिक्त हैं। भर्ती के नियम पहले की तरह ही हैं, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**29 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन-** इन पदों के लिए डॉक्टर 29 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसमें पांच वर्ष से अधिक समय तक संविदा में सेवा करने वाले डॉक्टरों को सेवा वर्ष के बराबर छूट मिलेगी। हालांकि, इसके बाद भी अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मिलेंगे डॉक्टर-** यह पद भरने से प्रदेश के उन पौने चार सौ से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता हो सकेगी जो अभी डॉक्टर विहीन हैं। प्रदेश में डॉक्टरों की लगातार भर्ती के बाद भी चिकित्सा अधिकारियों के एक हजार से अधिक और विशेषज्ञों के दो हजार से अधिक पद रिक्त रहते हैं।

इसका बड़ा कारण यह है कि डॉक्टरों के जितने पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाती है, उनमें लगभग 60 प्रतिशत ही हर बार मिल पाते हैं। विशेषज्ञों के 25 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती के बाद भी 63 प्रतिशत पद रिक्त हैं।

# सोयाबीन के भाव 6 हजार मिले किसानों को और स्मार्ट मीटर बंद करे सरकार

## मनासा ब्लाक कांग्रेस ने किसानों के समर्थन में राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन



**मनासा, 4 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** किसानो को सोयाबीन के भाव 6 हजार मिले और स्मार्ट बिजली मीटर बंद करने को लेकर बुधवार को ब्लाक कांग्रेस ने किसानो के साथ में दोप. 2 बजे विरोध करते हुए राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार रूपसिंह राजपूत को ज्ञापन सौपा। जनपद पंचायत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध किया। हाथो में सोयाबीन के भाव 6 हजार करने का बेनर लेकर चल रहे थे। जनपद पंचायत से एसडीएम आफिस पहुंची। जहां पर ज्ञापन दिया। कांग्रेस द्वारा सौपे गए ज्ञापन में लिखा कि किसानो को सोयाबीन का भाव समर्थन मुल्य पर 6 हजार मिले। और स्मार्ट मीटर जो नगर में लगाएं गए है वो भारी भरकम बिजली बिल उगल रहे है। दो जून की रोटी की जुगाड करने वाले परिवार स्मार्ट मीटर के अनाप शनाप बिजली के बिल जमा नही कर पा रहे है। ऐसे में विभाग बिजली कनेक्शन विच्छेद कर उपभोक्ताओ पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। देश और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानो और गरीबो के साथ मे अन्याय कर रही है। किसानो को उनकी सोयाबीन की उपज का 6 हजार भाव मिले और गरीबो के घरो पर लगाए गए स्मार्ट मीटर खोले जाएं। मनासा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र श्याम सोनी ने कहा कि किसानो के सोयाबीन के भाव कम होने से वे फसल को खेतो में नष्ट करने पर मजबुर हो रहे है। नगर में स्मार्ट मीटर जिस तरह से हर महिने बिजली बिल उगल रहे है वो बिल भरना गरीब मजदुरी करने वाले परिवार की हैसियत के बाहर है। कांग्रेस किसानो और गरीबो के साथ में उन्हे न्याय दिलाने के लिए सरकार के खिलाफ लडाई लड रही है। ज्ञापन सौपने में जिला कांग्रेस महामंत्री गोपाल मुंदडा, कुकडेश्वर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश राठौर, रमेश मुंदडा, जनपद उपाध्यक्ष मोहन गुर्जर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनोरमा मुंदडा, जनपद सदस्य घीसालाल जाट, मंडलम अध्यक्ष महेन्द्र उपाध्याय, रामप्रसाद कसेरा, शिवलाल कुशवाह, बाबुलाल कुशवाह, बाबु गिर गोस्वामी दोलतराम बंजारा, रोडीलाल बंजारा, सत्तु सेकेट्री, राधेश्याम कारपेंटर, समरथ बर्डिया, कुलवंत तिवारी, राधेश्याम ढाकनी देवीलाल रावत शेषपूर, महेश पाटीदार, गोपाल चौधरी, अय्युब भाई कबाडी, संगठन मंत्री रमेश मलिक, सहित किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन एड. रामप्रसाद कसेरा ने किया और आभार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र श्याम सोनी ने माना।

## नाले में मिला शिशु भ्रूण

**मनासा, 04 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम भाटखेड़ी के समीप बहते नाले में बुधवार दोपहर एक शिशु भ्रूण मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। वही भ्रूण नाले में होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा मनासा थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को जब्त कर पंचनामा बनाकर कार्रवाई शुरु की।

जानकारी के अनुसार गांव के वार्ड-18 में स्थित नाले में बुधवार दोपहर एक कचरा बीनने वाले व्यक्ति को बहते पानी में एक भ्रूण दिखाई दिया। जिसकी जानकारी उसने ग्रामीणों को दी। इसके बाद ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सरपंच मनोज पुरोहित को अवगत कराया। वहीं सूचना लगते ही मनासा थाना पुलिस एएसआई महेश गिरोटिया मौके पर पहुंचे। जहां जांच पड़ताल के बाद स्थानीय निवासियों से पूछताछ की। इसके साथ ही पुलिस ने मानव भ्रूण को नाले से बाहर निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि भ्रूण करीब 4 से 5 महीने का है। कचरा बिनने वाले व्यक्ति ने बताया की एक प्लास्टिक की थैली में भ्रूण को कपड़े में लपेटकर नाले में फेंका था। वहीं एक कुत्ता उसे ले जाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान कचरा बिनने वाले ने उससे थैली छुड़वाई। तब पता चला के उसमे मानव भ्रूण है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। वही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में और भी खुलासा हो सकता है।

## मारपीट, दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 04 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत में ढोर चराने के विवाद में मारपीट पर पुलिस ने दोनों पक्षों केस दर्ज किया। कोलवा निवासी धापूबाई पति राहुल कीर ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई मनोहर पिता बाबूलाल कीर को खेत में ढोर चराने से मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे हाथ, पैर, पीठ पर चोंटे आई। पुलिस ने मनोहर के खिलाफ केस दर्ज किया। इसी तरह मनोहरलाल कीर की रिपोर्ट पर पुलिस ने धापूबाई कीर व बद्रीलाल कीर के खिलाफ केस दर्ज किया।

# नीमच में कार्रवाई, मंदसौर में जुगलबंदी

## लोडिंग-अनलोडिंग करते बसों को पकड़ा, जप्त कर आरटीओ ऑफिस भेजा

**नीमच, 04 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पॉलीथिन, बेसमेंट, सडक़ों की जांच जैसे कई मामले है। जहां पड़ोसी जिले नीमच में त्वरित कार्रवाई की गई। लेकिन मंदसौर में अधिकारी या जिम्मेदार विभाग मामले को ठंडे बस्ते में डालते हैं। मतलब साफ है कि नियमों की हवा उड़ाने वालों से अधिकारियों की जुगलबंदी के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही। मामला इस बार बसों की जांच का है। जिलेभर में बसें नियमों का उल्लंघन कर दौड़ रही है। नियम विरुद्ध सामान लोड किया जा रहा है। बिना परमीट की बसें शहर में प्रवेश कर रही है। इसके बाद भी आरटीओ विभाग की सुस्ती नहीं उड़ रही। इधर नीमच ने कार्रवाई की।

नीमच के हेडगेवार बस स्टैंड पर बुधवार को बस मालिकों में उस समय हडकंप मच गया, जब जिला परिवहन अधिकारी नंदलाल गामड़ बसों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। बीते दिनों नीमच की एक यात्री ओवर लोड सामान भर कर जा रही थी। गुडग़ांव के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसके बाद नीमच कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा ने आरटीओ नीमच को निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों पर कारवाई की जाए। जिला परिवहन अधिकारी ने जिला परिवहन कार्यालय पर बस मालिकों के साथ मंगलवार शाम को बैठक कर यात्री बसों को ओवर लोड सामान परिवाहन न करने सहित कई निर्देश दिए थे, बावजूद बस मालिक कलेक्टर के निर्देश और आरटीओ निर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे। आरटीओ ने औचक निरीक्षण कर अनलोड बसों को आरटीओ कार्यालय में खड़ा किया है। इस दौरान जय श्रीगणेश, गायत्री ट्रेवल्स और कुछ अन्य बस के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, उन्हें परिवाहन कार्यालय पर खड़ा किया है। मामले पर आरटीओ गामड़ ने बताया कि निर्देश देने के बावजूद बस मालिकों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इस संबंध में कुछ बसों को परिवहन कार्यालय में खड़ा किया गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कोई बार-बार नियमों का उल्लंघन करता है तो उनका परमिट भी निरस्त किया जाएगा।

## केंद्रीय गणेश उत्सव की मीटिंग आज

**मंदसौर, 4 सितम्बर गुरू एक्सप्रेस।** केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में अनंत चतुर्दशी पर्व पर मंदसौर नगर में निकलने वाली आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियो की तैयारी को लेकर 5 सितंबर गुरुवार को दोपहर 12:15 बजे समिति की एक विशेष मीटिंग प्रेम रेस्टोरेंट रेवास देवड़ा रोड पर रखी गई है। उक्त जानकारी केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित दिलीप शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अनंत चतुर्दशी पर्व पर मंदसौर नगर में आकर्षक एवं भव्य झांकियां निकले ऐसा प्रयास किया जा रहा है। मन्दसौर नगर में अनंत चतुर्दशी पर्व निकलने वाली सभी झांकियो के पदाधिकारी एवं सदस्यों से अनुरोध है कि आज 5 सितंबर गुरुवार को दोपहर 12:15 बजे प्रेम रेस्टोरेंट में आयोजित मीटिंग में उपस्थित होकर अपने सुझाव देवे और किस प्रकार से इस चल समारोह में और झांकियां बढ़ सके ऐसा प्रयास हम सब मिलकर करें।

## आचार्य विद्यासागर योजना अंतर्गत बैंक पोर्टल पर जल्द क्लेम करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 4 सितम्बर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि, आचार्य विद्यासागर योजना अंतर्गत प्रकरणों को जल्द पोर्टल पर क्लेम करें। पशुपालन विभाग ने केसीसी के अंतर्गत बेहतर काम किया है। पीएम स्वनिधि अंतर्गत अच्छा कार्य किया गया है। इसी तरह अन्य योजना में भी कार्य करें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रकरण वाइज सूची बनाकर बैंक को भेजें। सभी बैंकों के साथ पुन: 15 सितंबर को समीक्षा होगी। जिसमें अब तक जितने भी लंबित प्रकरण है, उनकी समीक्षा की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन में जितने भी बैंक की शिकायत लंबित है, एलडीएम उसके लिए गुरुवार एवं शुक्रवार दो दिवस का कैंप लगवाएं तथा शिकायत का निराकरण करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, लीड बैंक और आरबीआई मेनेजर, सभी बैंकर्स, संबंधित विभाग मौजूद थे। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत उद्योग विभाग और अधिक प्रचार प्रसार करें तथा अधिक से अधिक प्रकरण बैंक को भेजें। योजना के संबंध में हितग्राहियों को मापदंड भी बताएं तथा अच्छे प्रकरण बैंक को भेजें। एलडीएम बैठक से पूर्व लंबित प्रकरण का डाटा सभी बैंकों को भेजें। प्रधानमंत्री फसल बीमा अंतर्गत जिन किसानों का भुगतान विफल हुआ है, बैंक उन किसानों का खाता नंबर बीमा कंपनी को भेजें।



## मिड इंडिया अंडरब्रिज ने ली... पेज 1 से जारी

2022 को सांसद सुधीर गुप्ता एवं तत्कालीन विधायक यशपालसिंह सिसोदिया द्वारा ब्रिज का उद्घाटन किया गया। 7.65 करोड़ की लागत से बने अंडरब्रिज का उद्घाटन होने के बाद भी जनता की परेशानी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हो पाई है। ब्रिज के शुभारंभ के 25 दिनों के भीतर ही ब्रिज से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी होने लगी। ब्रिज में गंदा पानी भरने लगा। निकासी नहीं होने से पानी भरने लगा। जो परेशानी का सबब बना। बारिश में यह परेशानी इतनी बढ़ गई कि ब्रिज में पानी होने से आवागमन ही बंद होने लगा।

**पानी निकासी के लिए नहीं किए बेहतर इंतजाम-** अंडरब्रिज निर्माण के दौरान निकासी के लिए बेहतर इंतजाम नहीं किए गए। यूं तो पंप हाऊस भी बनाया था। लेकिन, इससे निकासी उचित नहीं हो पाई। लगातार पानी जमा होने से फिसलन की समस्या सालभर रहती है। कई लोग यहां दुर्घटना का शिकार भी हुए। नपा के जवाबदारों का कहना रहा कि रेलवे की अनुमति नहीं मिलने के कारण नपा काम नहीं कर पा रही। नपा ने जब चिट्ठी लिखी तो रेलवे ने काम तो नहीं किया। लेकिन, नपा को मौखिम अनुमति दी। ऐसे में नपा ने लगे हाथ फिसलन को कम करने के लिए काम किया। लेकिन, प्रयास में असफलता ही लगी।

**नपा ने दी आधी राशि, रेलवे ने बनाया ब्रिज-** अंडरब्रिज का लोकार्पण हुए दो साल बीत गए और यहां से आवागमन भी चल रहा है। लेकिन पानी जमा होने से हो रही परेशानी यथावत बनी हुई है। इससे हर दिन लोग परेशान हो रहे है। बारिश के दिनों में यह परेशानी और बढ़ जाती है। ब्रिज का निर्माण रेलवे ने किया है। लेकिन आधी राशि नपा ने दी है। निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए पंप हाउस का निर्माण किया था। लेकिन, फिर भी यहां भरे रहने वाले पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। नपा का तकनीकि अमला यह कहता आया है कि रेलवे ने ब्रिज को पानी की निकासी के लिए केम्पर मेंटेन करके नहीं बनाया है। इसके चलते समस्या है।

## ढाई करोड़ की सड़क बन गई... पेज 1 से जारी

चर्चाओं में है। कॉलोनी निर्माण के बाद नाली तैयार नही की गई। नियमानुसार काम अधूरा होने पर कॉलोनी हैंड ओवर नहीं की जा सकती। लेकिन, सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों ने कॉलोनी को हैंडओवर कर ली। नाली नहीं बनने का परिणाम यह हुआ कि जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हुई। सड़क पर पानी भर गया। यह स्थिति जब तक नाली निर्माण नहीं होगी, जस की तस रहेगी।

**तीन विभागों ने की थी जांच-** क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती भारती धीरज पाटीदार ने सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए थे। इसकी शिकायत तत्कालीन प्रभारी मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव से की थी। मामले को प्रभारी मंत्री ने गंभीरता से लिया और सात दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट देने के लिए कहा। जांच के लिए सेतु विकास निगम, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग और पीएमवायके के तीन अधिकारियों की टीम गठित की गई। जांच के पहले दिन एक अधिकारी नहीं पहुंचा तो जांच नहीं हुई। मतलब साफ था कि मामले को ठंडे बस्ते में डालना था। तब से आज तक जांच ही पूरी नहीं हो पाई। अब परिणाम आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## पिता की किडनी का ऑपरेशन हैं... पेज 1 से जारी

कुल 19 लाख 40 हजार ट्रांसफर करवाए। इसके बाद से ही उसने अपना फोन बंद कर लिया। जांच जे बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं।

**फर्जी निकला आधार कार्ड-** 15 दिन तक राहुल से कोई सम्पर्क नही हुआ तो फरियादी ने उसके बारे में जानकारी जुटाई तो पैरों तले जमीन खिसक गई। उसे पता चला कि राहुल ने आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर उसके पिता का नाम मनोहरलाल गुर्जर से श्यामलाल गुर्जर कर दिया और रतलाम का फर्जी पता ऐड कर दिया। आरोपी ने अपने पिता के साथ मिलकर किडनी ऑपरेशन का झूठा नाटक रचा और फरियादी को इमोशनल ब्लैकमेल कर 19 लाख 40 हजार की चपत लगा दी।

**रेप अपहरण के मामले में फरार हैं राहुल-** पुलिस ने जांच की तो पता चला कि राहुल गुर्जर के खिलाफ भानपुरा थाने में अपहरण, रेप और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध दर्ज है। आरोपी ने गांव में उसकी मौत की झूठी खबर फैलाई थी।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1125/खनिज/2024 — मंदसौर, दिनांक-30.08.2024

### //// सूचना ////

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तरुण अग्रवाल पिता सुशील अग्रवाल निवासी यश नगर, मंदसौर, जिला मंदसौर म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 24.08.2024 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमि स्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | शामगढ़ | देवरी | 304/1,305 | 2.000 है. | निजी | गिट्टी पत्थर, एम सेण्ड एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला मंदसौर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रुप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा, जिला मंदसौर म.प्र.

G-15754/24 — दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।



## ** नाम परिवर्तन सूचना **

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम **कमलेश कुमार राठोर पिता बद्रीलालजी** दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम **कमलेश राठोर** है। अतः आईन्दा आगे से मुझे मेरे सही नाम **कमलेश राठोर पिता बद्रीलाल जी** के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता-नई आबादी, लदूना, तह. सीतामऊ, जिला-मंदसौर (म.प्र.)



## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

आफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648



Form at Public Notice for Loss of property Deeds & Documents

## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that the documents bearing original Sele Deed dated 23/09/2017 excuted seller Pradeep Chandwani Mandsaur and Sudhir Lodha Mandsaur and buyer Ishwarlal Rahtore daluda registered at registrar office mandsaur has been misplaced and not trace-able yet The report of the same has been lodged at the Supretendent Of Police Mandsaur dist.-Mandsaur on 04/09/2024

If found kindly inform to Vishnukunwar W/O Kalusingh 28, Padmini Vihar Extention Gram Banikhedhi dalauda mobile no 8963957108

Description of lost/misplaced original documents

All that piece and parcel of the sale deed which is being constructed at 28, Padmini Vihar extention Banikhedhi Daluda the jurisdiction of village gram banikhedhi taluka Daluda district Mandsaur state MP
DATE 04/09/2024
PLACE-Mandsaur

VISHNUKUNWAR W/O KALUSING
28, Padmini viihar ext. Bnaikhedhi Dalauda





बाबा रामदेव
जन्मोत्सव की आप सभी को



हार्दिक शुभकामनाएं
भव्य भजन संध्या
समय - रात्रि 8 बजे से
स्थान- मेला प्रांगण
रामदेव मेले में कचनारा पधारे सभी भक्तजनों का
हार्दिक स्वागत-अभिनंदन
**** सौजन्य से ****
बाबा रामदेव समिति कचनारा,
नाहरगढ़, जिला-मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in